Seventeenth Loksabha

an>

Title : Regarding Prime Minister Fasal Bima Yojna

श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले (बारामती): अध्यक्ष महोदय, मेरा आज का जीरो ऑवर किसान फसल बीमा योजना पर है। लेकिन मैं आपसे विनती करना चाहती हूं, मैंने आपसे टाइम भी लिया था कि महाराष्ट्र में प्राइम मिनिस्टर फसल बीमा योजना में दिक्कत है। महाराष्ट्र में दस दिन से एक नया प्रश्न खड़ा हो गया है। हमारे बगल के राज्य कर्नाटक के सीएम अनाप-शनाप बोले जा रहे हैं। कल तो हद कर दी, कर्नाटक बार्डर पर महाराष्ट्र के लोग जाना चाहते थे और उनको पीटा गया है। आज तक भी कुछ नहीं आया है।

दस दिन से महाराष्ट्र के खिलाफ षड्यंत्र हो रहा है। महाराष्ट्र को तोड़ने की बात है।कर्नाटक के मुख्यमंत्री और दोनों राज्य बीजेपी के हैं। महाराष्ट्र में भी बीजेपी का राज है और कर्नाटक में भी बीजेपी का है। पूरे टाइम कर्नाटक के मुख्यमंत्री महाराष्ट्र के खिलाफ बोलते हैं। कल लोगों को पीटा गया है। महाराष्ट्र की जनता को पीटा है। यह नहीं चलेगा। यह देश एक है। मैं अमित शाह जी से विनती करती हूं कि वह कुछ बोलें।

Shri S.C. Udasi (Haveri): Hon. Speaker, Sir, the subject is *sub judice* because it is in the court. It is in the Supreme Court. Please do not allow any Member from Maharashtra to speak on this issue.

Sir, these Maharashtra politicians, especially from the Opposition are habitual ... * when it comes to lingo culture syndrome. इनको इनसिक्योरिटी है। इनका मिसरूल होता है, when they are in power and when they are in Opposition.

श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले : सर, यह असत्य बोल रहे हैं। कर्नाटक के सीएम भारतीय जनता पार्टी के हैं।